रोजगार मेले का आयोजन

करौली (नि.स.) करौली के राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

राजकीय महाविद्यालय करौली के प्राचार्य प्रोफेसर नत्थू सिंह राजपूत ने बताया कि बुधवार को महाविद्यालय में एनआईआईटी जयपुर के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 80 विद्यार्थियों ने रोजगार मेले में भाग लिया। जिसमें से 40 छात्र/ छात्राओं का प्लेसमेंट में चयन किया गया प्लेसमेंट हेतु एनआईआईटी जयपुर से आए मनोज कश्यप एवं प्लेसमेंट प्रभारी डॉ0 हीरालाल मीणा ने बताया कि आगामी दिवस में महाविद्यालय में प्लेसमेंट हेतु बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त रोजगार मेले में प्लेसमेंट सेल समिति के कालू लाल मीणा,रविंद्र कुमार मीणा आदि उपस्थित रहे उन्होंने बताया कि इसके अलावा महाविद्यालय में वर्ष 2020-21 काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के अंतर्गत 106 स्कूटीयों का वितरण किया गया। स्कूटी वितरण के समय प्राचार्य नत्थू सिंह राजपूत, राम लखन मीणा, केएल मीणा, दिनेश चंद्र मीणा आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

आपसी विवाद को लेकर पथराव, धारदार हथियारों से किया हमला

हिण्डौन सिटी। शहर के काना हनुमान पाड़ा क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पर पथराव के बाद धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटना में एक पक्ष के 4 लोग घायल हो गए। जिन्हें हिंडौन के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के बाद शहर के पुराने बाजार में तनाव व्याप्त हो गया। जिसके बाद एसडीएम डीएसपी सहित दो थानों का पुलिस जाब्ता तैनात रहा । वहीं पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने दोनों पक्षों को पुलिस थाने बुलाकर समझा कि जिस के बाद दोनों लोग गले मिल गए।

हिण्डौन के काना हनुमान पाड़ा क्षेत्र निवासी देवांशु शर्मा पुत्र केशव देव 4 दिन पूर्व दूध लेने के लिए पुरानी कचहरी क्षेत्र में गया था। इस दौरान कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। देवांशु ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी लेकिन पुलिस में मामला दर्ज नहीं कराया। इसके बाद लगातार आरोपी देवांशु से छींटाकशी कर धमकी देते रहे।

धारदार हथियारों से हमले में घायल लोगों का अस्पताल में उपचार किया ।

बताया जा रहा है कि बुधवार को देवांशु अपने घर के बाहर बैठा था, इस दौरान पुरानी कचहरी क्षेत्र से तीन मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। जिससे एक मोटरसाइकिल क्षितठास्त हो गई वही समीप बने हुए मंदिर की जाली भी टूट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने जब आरोपियों से पथराव नहीं करने के लिए कहा तो आरोपियों ने धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया। जिससे काना हनुमान पाड़ा क्षेत्र निवासी दीपक शर्मा नीरज शर्मा कुणाल शर्मा एवं महिला अनीता शर्मा घायल हो गई। आरोप है कि इस दौरान बदमाश महिला अनीता शर्मा से मारपीट कर गले से सोने की चेन छीन कर भाग गए। जिसके बाद सूचना पर एसडीएम सुरेश हरसोलिया, डीएसपी किशोरीलाल सहित कोतवाली थाना एवं नई मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

मीनेष बोर्ड गठन की उठी मांग

करौली (नि.स.) । राजस्थान में आगामी 10 फरवरी को राज्य का बजट पेश होगा। इससे पहले प्रदेश में मीनेष बोर्ड गठन की मांग उठ रही है।

राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं युवा शाखा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार नारौली ने कहा कि मीना समाज राजस्थान का सबसे बड़ा समाज है। मीना समाज राजस्थान विधानसभा की 35 से 40 सीटों पर अपना प्रभाव रखता है। करौली, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, भरतपुर, अलवर,दौसा, जयपुर, कोटा, बूंदी, बारां, झालावाडऋ, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा,टोंक,उदयपुर, प्रतापगढ़ आदि जिले मीना बाहुल्य जिले है। जहां मीना आदिवासी समाज निवास करता है। ये क्षेत्र शिक्षा,स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली की सुविधाओं से वंचित हैं।

मीना आदिवासी समाज खेती हर समाज रहा है,व्यापार और उद्योगों में उसकी भागीदारी शून्य है। खेती-किसानी आज के दौर में लाभकारी व्यवसाय नहीं है।ऐसे में राज्य सरकार बजट में मीनेष बोर्ड का गठन कर बजट में एक हजार करोड़ रूपए का प्रावधान करने की मांग की है।राजस्थान में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं।

सार-समाचार

सिलिकोसिस जांच शिविर का आयोजन

मासलपुर (नि.स.)। खान सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला माइनिंग एसोसिएशन करौली के तत्वधान में बुधवार को मासलपुर समीपवर्ती गांव खेड़ा बस स्टैंड स्थिति एनएच 11 सड़क मार्ग पर सिलिकोसिस रोगियों की जांच और बचाव के उपायों के साथ राज्य सरकार की ओर से सिलिकोसिस बीमारी से ग्रस्त रोगियों को दिए जाने वाले लोगों की जानकारी दी गई। चिकित्सक विजय सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में 50 लोगों का स्वास्थ परीक्षण किया गया जिसमें एक्स-रे के आधार पर खेड़ा गांव के रामराज गुर्जर और कमल गुर्जर को सिलिकोसिस ग्रस्त पाया गया। इस दौरान 80 लोगों को मास्क व टूल किट का वितरण किया गया ।

25 मरीजों की हुई जांच

गंगापुर सिटी । लायंस क्लब गंगापुर सिटी द्वारा बुधवार को सुबह 6 बजे नई अनाज मंडी प्रांगण में डायबिटीज ब्लड प्रेशर एवं भजन नाथ शिविर का आयोजन संयोजक लॉयन सुरेंद्र गर्ग एवं सह संयोजक लॉयन अंकित सिंघल के संयोजन में किया गया जिसमें करीब 25० लोगों की निशुल्क जांच की गई। लायंस क्लब अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल ने बताया की हर माह इस तरह का शिविर आयोजित किया जाता है। इस शिविर में लायंस क्लब सदस्य लॉयन अवध बिहारी गुप्ता, लॉयन विष्णु गुप्ता आदि सदस्य मौजूद थे।

मतदाता जागरूक कार्यक्रम आयोजित

वैर । भाजपा शहर मण्डल की ओर से रांगेय राघव महाविद्यालय में नव मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं मतदान करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया । इस कार्यक्रम में भाजपा शहर मण्डल संयोजक पूरन महावर ने नव मतदाता अभियान को गति देते हुए युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं मतदान करने के लिए जागरूक किया ।

शिक्षा शास्त्री में प्रवेश की तिथि बढ़ी

हिण्डौन सिटी । जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर से शिक्षा शास्त्री दो वर्षीय पाठ्यक्रम के ऑनलाईन फार्म के प्रवेश की तिथि बढ़ा दी गयी है इससे सम्बद्ध राजस्थान कॉलज ऑफ टीचर ट्रेनिंग, खेडा, हिण्डौन सिटी के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि जो छात्र व छात्रायें बी.एड दो वर्षीय पाठ्यक्रम में कला वर्ग में प्रवेश से वंचित हो गये है।

उनके लिये यह सुनहरा अवसर विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया है। प्रथम काउंसलिंग पूर्ण होने के पश्चात द्वितीय काउंसलिंग का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है ।

जिसमे नवीन रूप से आवेदन भी कर सकते है ।

नवीन आवेदन पत्र भरने , रजिस्ट्रेशन करने, पुराने आवेदन पत्र में बदलाव करने एवं महाविद्यालय चयन का आप्शन भरने की तिथि बढ़ाकर 15 फरवरी कर दी गई है । छात्र/छात्राये जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर की साईट पर जाकर ऑनलाइन का फॉर्म 15 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है ।

ध्यातव्य है कि पहले शिक्षा शास्त्री दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये स्नातक अथवा स्नातकोत्तर में संस्कृत विषय होना आवश्यक था किन्तु इसी वर्ष से संस्कृत विषय की वाध्यता को खत्म कर दिया गया है किसी भी विषय में कला वर्ग से स्नातक या स्नातकोत्तर उत्तीर्ण छात्र / छात्राये शिक्षा शास्त्री पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते है । शिक्षा शास्त्री पाठ्यक्रम में प्रवेश सम्बन्धी अधिक जानकारी एवं फॉर्म भरने की प्रक्रिया की जानकारी महाविद्यालय आकर या सम्पर्क नं.- 7014150973 से प्राप्त की जा सकती है ।

हाथों पर काली पट्टी बांध विरोध

भरतपुर (निस)। ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा संघ प्रमुख मोहन भागवत के द्वारा ब्राह्मण समाज पर की टिप्पणी पर विरोध प्रदर्शन किया सभी ने हाथों पर काली पट्टी बाँध कर भागवत मुर्दाबाद के नारे लगाए। विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर ने कहा मोहन भागवत ने अपने पद की गरिमा और मर्यादा के इतर वक्तव्य दिया हैं। ब्राह्मण समाज सर्वैभवंतु सुखिन के मंत्र को आत्म सात कर कार्य करता है। दयाचन्द पचौरी ने कहा संघ और भाजपा के द्वारा ब्रह्मणो की उपेक्षा काही नतीजा हैं। विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेशाध्यक्ष इन्दुशेखर शर्मा ने कहा संघ प्रमुख यदि समग्र ब्राह्मण समाज से माफी मांगे नही तो ब्राह्मण आग्रोश रैली निकाल कर पुतला देहन किया जाएगा। इस अवसर पर नेत्रकमल मुदगल, सर्व ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष ताराचन्द शर्मा, विप्र फाउंडेशन पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, लाल चंद शर्मा, विवेक शर्मा, प्रवीण शर्मा, हेमंत शर्मा आदि मौजूद रहे।

भाजपा शहर कार्यसमिति की बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार पिछले दिनों बोली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया की उपस्थिति में सवाईमाधोपुर जिला कार्यसमिति के आयोजन के पश्चात भारतीय जनता पार्टी गंगापुर शहर मंडल की कार्यसमिति का आयोजन मंगलवार को साँयकाल 5 बजे से ईदगाह मोड स्थित सोनी मैरिज हॉल में किया गया।

कार्यसमिति में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर रहे। मंडल कार्यसमिति के दौरान सभापति शिवरतन गुप्ता, उपसभापति वीरेंद्र पुजारी, जिला महामंत्री मनोज बंसल, जिला उपाध्यक्ष रामसिंह खटाना, जिला मंत्री सावित्री शर्मा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नागेश लोढी मंचासीन रहे। मंडल कार्यसमिति की अध्यक्षता शहर मंडल अध्यक्ष गिरधारी सोनी द्वारा की गई। मंडल कार्यसमिति का शुभारंभ उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता चित्रपट पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। मंडल कार्यसमिति में परंपरा अनुसार सभी अतिथियों का कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी का दुपट्टा उडाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिला महामंत्री मनोज बंसल द्वारा सर्वप्रथम राजनीतिक प्रस्ताव रखा गया जिसमें आगामी 12 फरवरी 2०23 को दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई मेगा एक्सप्रेस हाईवे 6 लेन का उद्घाटन करने हेतु पधारने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को ले जाने के लिए चर्चा परिचर्चा की गई जिसमें गंगापुर शहर मंडल से 6००० कार्यकर्ताओं को 15 बसों एवं 15० निजी वाहनों के माध्यम से संपूर्ण शहर के मुख्य स्थानों से ले जाने की व्यवस्था की जायेगी।

कन्यादान का सामान दिया

भरतपुर (निस)। स्वास्थ्य मंदिर की महिला सेवा इकाई द्वारा बुधवार को शिवनगर के सैनी परिवार की लड़की की शादी में कन्यादान के रूप में 11 साड़ी, 11जोड़ी कपड़, रसोई के बर्तन इत्यादि के रूप में सामान देकर मदद की गई। इस अवसर पर महिला सेवा इकाई की अध्यक्ष कविता गोयल ने बताया कि पीड़ित परिवार के दो माह पहले घर में आग लग जाने के कारण लड़की की शादी का सारा सामान जलकर राख हो गया था जिसके कारण लड़की की शादी में व्यवधान आ गया। इसी बात को मद्देनजर रखते हुए महिला सेवा इकाई ने उसकी शादी में मदद की भूमिका निभाई पूर्व में भी महिला सेवा इकाई द्वारा पीड़ित परिवार की मदद की जा चुकी है। इस कार्यक्रम के अवसर पर सचिव अंजना सोनी ने कहा कि स्वास्थ्य मंदिर द्वारा 7 लड़कियों का 13 मार्च को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है । इस अवसर पर शिखा गोयल, गोयल ने सहयोग प्रदान किया।

हथियारों की फोटो इंस्टाग्राम पर डालने वालों की जांच की

बामनवास । आपरेशन गार्जियन के दौरान विशाल हंटर की जाँच के संबंध में थानाधिकारी मनीष शर्मा मय जाप्ता सहायक पुलिस उप निरीक्षक राजेश सिंह, हेड कांस्टेबल हनुमान सिंह कांस्टेबल महेन्द्र कुमार अभिनेश हरीमोहन कांस्टेबल चालक लखपत के रवाना होकर ग्राम बामनवास पड़ीकला व बामनवास पट्टीखुर्द पहुँचे।

कस्बा बामनवास में विशाल हन्टर की तलाश की गई। घरवालों ने बताया कि विशाल मीना मथुरा में वेटनरी की तैयारी करने हेतु गया है। विशाल हन्टर का महिमा मण्डन करने वाले एवं शोशल मिडिया फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम पर सक्रिय फोलोवर्स के संबंध में जाँच की। कस्बा बामनवास में विशाल हंटर की गतिविधियों का महिमा मण्डन करने में शोशल मिडिया पर सक्रिय जितेन्द्र पुत्र महेश जाति मीना निवासी बामनवास पट्टीखुर्द का मोबाईल चैक किया । मोबाईल नम्बर का उपयोग जितेंन्द्र पुत्र महेश मीना द्वारा किया जा रहा है। जितेन्द्र द्वारा इंस्टाग्राम पर विशाल हंटर का हथियार सहित विडियों अपलोड कर रखा है। इसी प्रकार गोविंद पुत्र घमण्डी जाति मीना निवासी बामनवास पट्टीखुर्द का मोबाईल चैक किया गया तो मोबाईल नम्बर का उपयोग गोविंद पुत्र घमण्डी मीना द्वारा किया जा रहा हैं। गोविंद मीना द्वारा सोशल मीडिया पर फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम का उपयोग किया जा रहा है। गोविंद मीना ने बताया कि मैने यूट्यूब से डाउन लोड कर विशाल हंटर का विडियो डाउनलोड कर अपलोड कर दिया था। इसी प्रकार सोनू पुत्र काडूराम मीना निवासी जाहिरा का मोबाईल चैक किया गया तो मोबाइल नम्बर का उपयोग सोनू पुत्र कालूराम मीना द्वारा किया जा रहा हैं। सोनू मीना द्वारा सोशल मीडिया पर फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम का उपयोग किया जा रहा है।

घरों पर लगेगी यूनिक नम्बर प्लेट

गंगापुर सिटी । नगर परिषद के सभी घरों के स्थानों पर अब यूनिक नंबर प्लेट लगाई जाएगी। जिसके लिए सेंटर कमर्शियल इंडस्ट्रीज ऑफ इंडिया की ओर से कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसकी शुरुआत आज सभापति शिवरतन अग्रवाल के घर से की गई। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने बताया कि हाल के वर्षो में प्रधानमंत्री ने डिजिटल सेवाओ, ज्ञान और सूचना तक पहुंच के साथ प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल तकनीकी का उपयोग करके हमारे देश को बदलने और नागरिकों के लिए अवसर पैदा करने की परिकल्पना की थी। प्रशासनिक अधिकारियों को डिजिटल रोड मैप इन क्लाउड टेक्नोलॉजी सोशल मीडिया डाटा बैंक की तकनीकी के माध्यम से कम से कम समय में एक दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में भी संबंधित नागरिक की पहचान मिलेगी। डिजिटल हाउस नंबर किसी भी प्राकृतिक आपदा आपदा के समय सरकारी सेवाओं को यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि उनकी सेवाएं आर घर तक पहुंची या नहीं साथ ही लंबे समय तक विकासात्मक प्रभाव बनाए रखा जा सके ।

शहर में साफ सफाई की बदहाल व्यवस्था पर पार्षद नाराज

करौली (नि.स.) । करौली नगर परिषद साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी राजस्व वर्ष में विकास कार्य के लिए 11025 लाख का बजट सर्व सम्मति से स्वीकृत हुआ। इस दौरान शहर में साफ सफाई की बदहाल व्यवस्था,खराब रोड लाइट को लेकर पार्षदों ने नाराजगी जताई।

बैठक में नगर परिषद के कार्मिकों का नियमानुसार पदोन्नति का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ। शहर के प्रत्येक वार्ड में दो-दो सफाई कर्मी लगाने का भी प्रस्ताव पास हुआ। बैठक में सभापति रसीदा खातून,उपसभापति सुनील सैनी,आयुक्त नरसी लाल मीणा, सभापति प्रतिनिधि अमीनुद्दीन सहित पार्षद मौजूद रहे।

नगर परिषद आयुक्त नरसी लाल ने बताया की शहर में विकास के लिए 55 पार्षद और 8 मनोनीत पार्षदों को 10-10 लाख रुपये के विकास कार्य के लिए सहमति बनी।

■ **करौली नगर परिषद साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई**

शहर के मेला मैदान की तारबंदी,पटरी और घास लगवाना तथा पार्क बनाने का प्रस्ताव 48 लाख की लागत से। शहर के 8 सर्किलो का सौंदर्यीकरण होना है। वीर हनुमान क्षेत्र,राधे श्याम मेरिज हॉल,गौशाला के पास,पावर हाउस के पास और वार्ड नंबर 54-55 सहित प्रत्येक में करीब 50 लाख की लागत से पुलिया निर्माण का प्रस्ताव है। शहर के 6 दरवाजों के माध्यम से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 2 करोड़ से सीसी और डामर सड़क निर्माण,नवीन सब्जी मंडी से मदन मोहन मंदिर तक बाईपास।

कलेक्ट्री सर्किल से हंसराम चौराहे तक सीसी, इंटरलॉकिंग, हाईमास्ट, सीवरेज हस्तांतरण, सफाई और संचालन। शहर में 6 पार्किंग स्थल, शहर में 18 स्थानों पर हाईमास्क लाईट,एक बड़ा पार्क और अंजनी माता मंदिर के पास तथा रणगमा तलाब के पास पिकनिक स्पॉट विकसित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया है। इस दौरान पार्षद मंजूर पठान ने नगरपरिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधारने,परिषद की राजस्व आय बढाने का सुझाव दिया तो वही कई पार्षदों ने शहर में चल रही इन्दिरा रसोईयो में 8 रुपये के स्थान पर 10 रुपये वसूलने एवं नवीन चिकित्सालय मण्डरायल रोड में संचालित इन्दिरा रसोई के बारे में बताया की वहा खाने की व्यवस्था तो है। लेकिन पीने के पानी की व्यवस्था नही होने के कारण लोगो को महंगे दामो में पानी की बोतल खरीद कर प्यास बूझानी पड़ रही है। इसके अलावा पार्षद इकवाल पठान,दीपक शाक्यवार,पार्षद प्रतिनिधी धर्म मीणा,बबलू शुक्ला,टोनू राजौरिया,पार्षद भारती बंसल, अमीनुद्दीन खान आदि ने शहर की सफाई,रोड लाईट,पेयजल,सीवरेज सहित शहर की व्यवस्थाओ को सुधारने की बात कही।

भाजपा विस्तारकों को बाइक दी

भरतपुर (निस। भारतीय जनता पार्टी के संभाग विस्तारक योजना की एक कार्यषाला होटल बर्डव्यू में भाजपा के जिलाध्यक्ष ऋशि बंसल के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यषाला में विस्तारक योजना के संभाग प्रभारी राजवीर सिहं एवं जिला पालक व जिले के उपाध्यक्ष गिरधारी लाल गुप्ता विषिश्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ऋशि बंसल ने कहा कि विस्तारक अपना घर परिवार छोड़कर भाजपा संगठन की रचना के लिए अपना पूरा समय समर्पण करता है। भाजपा स्थापना दिवस 6 अप्रैल, बाबा साहब अम्बेडकर जयन्ती 14 अप्रैल, डा. ष्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस 23 जून, पं. दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती के अवसर पर समपर्ण निधि अभियान, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती 25 दिसम्बर इन सभी प्रमुख दिवसों पर कार्यक्रम की पूरी मॉनिटरिंग कर सफलतापूर्वक आयोजित करवाने हेतु प्रयास करना समस्त विस्तारकों की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर जिला पालक एवं पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गिरधारी लाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

'विप्र महाकुम्भ में गंगापुर से हजारों ब्राह्मण शामिल होंगे'

गंगापुर सिटी विप्र महाकुंभ के पोस्टर का विमोचन करते ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग।

गंगापुर सिटी । विप्र फाउंडेशन ब्राह्मण समाज की बैठक भगवान परशुराम जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुई। कार्यऋम में विप्र फाउंडेशन राज॰ जॉन 1डी प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय ने सभी से कहा कि दिनांक 12 मार्च, रविवार को मेंहदीपुर बालाजी में ब्राह्मण समाज का बृहद सम्मेलन विप्र महाकुम्भ का आयोजन होगा, जिसमें पूर्वी राजस्थान व सभी जगह के हजारों ब्राह्मण बन्धु शामिल होंगे।आज समाज को जरूरत है एकता प्रदर्शन की,इसलिए गंगापुर क्षेत्र के सभी ब्राह्मण बन्धुओं से आग्रह है कि वो विप्र महाकुम्भ में अधिकाधिक संख्या में अपने इष्टमित्रों के साथ पधारें। विप्र फाउंडेशन संरक्षक रतन लाल आजाद ने कहा कि आजके इस समय में जब तक हम सभी एकजुट होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन नहीं करेंगे तब तक लोग हमें कमजोर समझेंगे इसलिए विप्र महाकुम्भ की महती आवश्यकता है।प्रदेश महामंत्री हेमंत शर्मा ने कहा कि 12 मार्च को मेंहदीपुर बालाजी में आयोजित हो रहे विप्र महाकुम्भ में गंगापुर क्षेत्र से हजारों की संख्या में ब्राह्मण बन्धु उपस्थित रहेंगे।

प्रदेश संगठन महामंत्री शान्तनु पाराशर ने कहा कि बैठक में उपस्थित व सभी ब्राह्मण बन्धु सोशल मीडिया, माउथ मीडिया व व्यक्तिगत प्रयास करके हम प्रत्येक शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के ब्राह्मण के घर तक विप्र महाकुम्भ की सूचना पहुंचाएं व प्रयास करें कि सभी युवा,बुजुर्ग व मातृशक्ति अधिकाधिक पधारे।

नवनिर्मित बालमित्र थाने का एस.डी.एम. ने किया लोकार्पण

भरतपुर (निस)। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउण्डेशन एवं बजाज फाउण्डेशन के सहयोग से दिशा फाउण्डेशन के द्वारा कुम्हेर थाना परिसर में बनाये गये बालमित्र थाने का सहायक पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री बर्षा मीणा उपखंड अधिकारी ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेंद्र सिंह मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, एवं मानव तस्करी विरोधी यूनिट से लेखराज एएसआई एव पूरन चंद शर्मा उपस्थित थे।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागतगान की प्रस्तुति दी गयी। लोकार्पण समारोह में बृजेश ज्योति उपाध्याय सहायक पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बालमित्र थाना बनने के बाद विभिन्न मामलों में शोषित एवं पीडित बच्चे बिना किसी डर व भय के अपनी व्यथा की जानकारी दे सकेंगे जिससे उन्हें सही न्याय मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी थानों में स्वागत कक्षों का निर्माण कराया जा चुका है। इन स्वागत कक्षों में आने वाले परिवादी अपनी समस्या की जानकारी देने के अलावा तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने समस्त बच्चो को बच्चो के अधिकारो एव एक्ट के बारे में जानकारी होना अति आवश्यक। जिसके लिये स्वयंसेवी संस्थाओं को सहयोग देना चाहिये। उन्होने कहा कि नॉबेल शान्ती पुरूस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी देश में ही नही बल्कि पूरी दुनिया में शोषित एवं पीडित बच्चों को सुरक्षा एवं संरक्षण देने का कार्य कर रहे हैं।

उनकी इस अभिनव पहल के लिए सराहना करता हूँ। कार्यक्रम में राजीव भारद्वाज समाजसेवी कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन दिल्ली ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउण्डेशन दिल्ली ने बच्चों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने एवं उनको न्याय दिलाने के लिये किये जा रहे कार्य निश्चय ही अनुकरणीय हैं।

उन्होंने कहा कि अधिकांश मामलों में पीडित बच्चे पुलिस से डरकर अपनी व्यथा की जानकारी नहीं दे पाते हैं लेकिन अब इन बालमित्र थानों में की गई व्यवस्थाओं से वे खेल खेल में उनके साथ हुई घटना की जानकारी आसानी से बता सकेंगे। प्रारम्भ में दिशा फाउण्डेशन के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउण्डेशन द्वारा जिलों में 2 थानों में बालमित्र थाने बनाये जा चुके हैं जिनमें भरतपुर जिले के सेवर एवं कुम्हेर में इस प्रकार के बालमित्र थाने स्थापित किये गये हैं।

इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, धर्मेंद्र सिंह प्रिंसिपल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कन्हैया जोशी व्याख्याता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुम्हेर, थाना प्रभारी कार्यबाहक गौरव कुमार, मानव तस्करी विरोधी यूनिट, जिला बाल संरक्षण इकाई के सदस्य, चाइल्ड लाइन टीम, सरपंच, सीएलजी सदस्य, आंगनबाड़ी, सुरक्षा सखी, एसएचजी ग्रुप मेंबर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालन सुरेश फौजदार ने किया।

गांरटी योजना के कार्यों का निरीक्षण

भरतपुर (निस)। सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने बुधवार को राजकीय बृषभान कुमारी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, स्व. सांवल प्रसाद चतुर्वेदी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेलवे, शहीद सूबेदार खिलौना सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तुहिया एवं शहीद महेश कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोगर का औचक निरीक्षण कर शिक्षा विभाग की फ्लैगशिप मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना और निःशुल्क यूनिफॉर्म योजना का धरातल पर जायजा लिया ।

उपस्थिति एवं एमडीएम पंजिकाओं को जांचा एवं शिक्षा की गुणवत्ता को परखा जिनमें विद्यालयों के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी का अभाव पाया गया। विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता में कमी पायी गयी तथा दिशा-निर्देशों के अनुसार दुग्ध वितरण नहीं होना पाया गया।

इसके अतिरिक्त प्राचार्यो को विद्यालय परिसरों में साफ-सफाई रखने तथा मिड डे मील के तहत मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को मानक स्तर पर बनाये रखने के निर्देश दिये।

वनकर्मी नेशनल पार्कों के गेटों पर देंगे धरना

करौली वन अधिकारी को ज्ञापन सौपते वन संयुक्त समिति के सदस्य।

करौली (नि.स.) । संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर लगातार तीसरे दिन भी कार्य बहिष्कार किया गया जिला अध्यक्ष सिकंदर सिंह ने बताया कि बुधवार को करौली जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस को वेतन बढ़ोत्तरी सहित 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष सिकंदर सिंह ने बताया की वन संरक्षक कार्यालय रणथंबोर द्वितीय को भी ज्ञापन दिया गया संयुक्त संघर्ष समिति ने यह निर्णय लिया है की ऑल राजस्थान में जो भी नेशनल पार्क,बाघ परियोजना,सरिस्का अभ्यारण सभी के आज गुरूवार को गेट बंद और गेट बंद कर कार्य बहिष्कार किया जाएगा। अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा उन्होने बताया की आज गुरूवार को करौली डिवीजन के समस्त कर्मचारी सवाई माधोपुर रणथंभोर टाईगर प्रोजेक्ट के मुख्यद्वार पर धरना प्रदर्शन करेंगे और रणथंभोर अभ्यारण का गेट बंद करेंगे। अगर सरकार ने हमारी मांगे नहीं मानी रणथंभोर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह एवं संभागीय अध्यक्ष दशरथ गुर्जर एवं समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

मिल्क सेन्टर का शुभारम्भ

भरतपुर (निस)। जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने बुधवार को उच्चैन क्षेत्र के ग्राम सादपुरा में आरती राजीविका महिला संर्वगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा संचालित कलस्टर लेवल कमेटी के बल्क मिल्क कूलर का फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा महिलाऐं संगठित होकर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार के साधन अपनायें जिससे वे अपने हुनर का बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही आर्थिक रूप से भी समृद्ध हो सकें।

उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादों को बढावा देकर डेयरी व्यवसायों के माध्यम से दुग्ध संकलन का कार्य कर महिलाओं के आर्थिक विकास हेतु एक अच्छी पहल है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश लोग पशुपालन का कार्य करते हैं। इस कार्यक्रम से महिलाएं अच्छी दर पर दुग्ध विक्रय कर सकेंगीं जिससे उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने महिलाओं द्वारा राजीविका के माध्यम से की गई इस पहल में जिला प्रशासन का पूरा सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया।